NEWS CLIPPING: 08.03.2017

PUNJAB KESARI

ऊर्जा तथा पर्यावरण पर राष्ट्रीय सम्मेलन कल

फरीदाबाद, 7 मार्च (पंकेस): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद 'सतत ऊर्जा तथा पर्यावरण के लिए प्रौद्योगिकी के नए क्षितिज' विषय पर 9 व 10 मार्च को दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करने जा रहा है। सम्मेलन का आयोजन हरियाणा स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय के मानविकी एवं विज्ञान विभाग तथा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, जिसमें देशभर से लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए संकायाध्यक्ष, मानविकी एवं विज्ञान प्रो. राजकुमार ने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में डॉ. भीमराव अंबेदकर विश्वविद्यालय, आगरा के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार दीक्षित मुख्य अतिथि होंगे और एनटीपीसी, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशक (पर्यावरण व राख प्रबंधन) तथा मुख्य वन अधिकारी डॉ अनुराग रस्तोगी विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। सम्मेलन की संयोजक डॉ. रेणुका गुप्ता तथा डॉ साक्षी ने बताया कि सम्मेलन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि पर्यावरण में गिरावट, ऊर्जा संकट व ऊर्जा के नये स्रोतों का सृजन जैसे पर्यावरण से संबंधित मुद्दो के प्रति जागरूकता लाने तथा शोधकर्ताओं व उद्योगों के बीच कड़ी के रूप में ऐसे सम्मेलन अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा जताई कि सम्मेलन में होने वाली चर्चा के निष्कर्ष तथा विचार ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

पंजाब केसरी ई-पेपर

Wed, 08 March 2017

epaper.punjabkesari.in//c/1739005

YMCA University of Science & Technology

(NAAC Accredited Grade 'A' State University)

Sector 6, Faridabad (HARYANA) – 121006

NEWS CLIPPING: 08.03.2017

DAINIK BHASKAR

वाईएमसीए में ऊर्जा व पर्यावरण विषय पर सम्मेलन कल से

फरीदाबाद | वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की ओर से ऊर्जा और पर्यावरण विषय पर 9 व 10 मार्च को राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर से लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। मानविकी एवं विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. राज कुमार के अनुसार सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार दीक्षित मुख्य अतिथि होंगे। जबकि एनटीपीसी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक तथा मुख्य वन अधिकारी डा. अनुराग रस्तोगी विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। संयोजक डॉ. रेणुका गुप्ता तथा डा. साक्षी के अनुसार सम्मेलन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रमुख विषय के साथ इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में नई दिशा, ऊर्जा गुणवत्ता, बिजली प्रणाली, इलेक्ट्रिक ड्राइव, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, अक्षय ऊर्जा के परिप्रेक्षय, व्यापक क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स संचयन व भण्डारण, डिवाइस मॉडलिंग एवं सिमुलेशन, बॉयोसेंसर,बायोइलेक्ट्रॉनिक, कम्प्यूटिंग व सूचना प्रौद्योगिकी, मैकेनिकल व ऑटोमोबाइल तकनीक, ऑटोमेशन व रोबोटिक्स, बायो एनर्जी व बॉयोटेक्नॉलाजी, प्रकृतिएवं व्यावहारिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्र, पर्यावरणीय प्रदूषण की निगरानी पर्यावरण प्रबंधन एवं सुरक्षा, कचरा प्रबंधन तथा सतत विकास में मीडिया व प्रबंधन की भूमिका जैसे विषयों पर प्रकाश डालना है।

NEWS CLIPPING: 08.03.2017

HINDUSTAN

सम्मेलन कल से

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हरियाणा स्वर्ण जयंती पर मानविकी एवं विज्ञान विभाग और इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के सहयोग से गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा जिसमें 'सतत ऊर्जा तथा पर्यावरण के लिए प्रौद्योगिकी के नये क्षितिज' पर चर्चा की जाएगी।

इसमें देश के विभिन्न राज्यों से करीब 150 प्रतिभागी भाग लेंगे। इसमें विभिन्न विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिक, विद्वानों, इंजीनियरों और विद्यार्थियों को अनुसंधान पेपर तथा विभिन्न गतिविधियों एवं नई खोजों से जुड़ी जानकारियां पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी मानविकी एवं विज्ञान के संकायाध्यक्ष प्रो. राज कुमार ने दी। डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलपति प्रो. अरविंद कुमार दीक्षित मुख्य अतिथि होंगे।

तैयारी

- ऊर्जा तथा पर्यावरण प्रौद्योगिकी के नए क्षितिज होगा विषय
- अनुसंधान पेपर, गतिविधियों एवं नई खोजों पर चर्चा की जाएगी